卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 353 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦1 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## चाचा ने भतीजे को गोली से उड़ाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम रायपुर में मामूली विवाद पर चाचा ने अपने भतीजे की गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाल और एसएसआई पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सुरक्षा की दृष्टि से ग्राम में पुलिसकर्मी तैनात कर दिये गये हैं। जानकारी के अनुसार प्रातः निटवर्ती ग्राम रायपुर में 28 वर्षीय राजेन्द्र सिंह उर्फ राजा अपने चाचा के घर जाकर ट्यूब वैल की तार ठीक कर रहा था। इसी दौरान उसका अपने चाचा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जो हाथापाई तक जा पहुंचा । बताया जाता है कि राजा का चाचा घर से तमंचा ले आया और उसने आते ही राजा के सीने से तमंचा सटाकर फायर कर दिया। तमंचे से निकली गोली राजा के सीने के आर पार हो गई और वह लहुलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। फायर का आवाज सुनकर राजा के परिजनों सहित कई लोग वहां आ पहुंचे।





गंभीर रूप से घायल राजा को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया। (शेष पृष्ठ संख्या सात पर)

## बस और बोलेरो की भिड़ंत में एक की मौत, चार गंभीर

टिहरी(उद संवाददाता)। ऋषिकेश बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राईवेट बस और बोलेरो की भिड़ंत हो गयी। हादसे में बोलेरो सवार एक की मौत हो गयी जबकि



चार घायल हैं। घायलों को उपचार के लिए एम्स रैफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक ऋषिकेश बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्रह्मपुरी से 2 किलोमीटर शिवपुरी की तरफ हरिद्वार से सोनप्रयाग की ओर जा रही हिमगिरी एक्सप्रेस बस संख्या यूके 15पीए 0236 और ऋषिकेश की तरफ आ रही बोलेरो संख्या यूके 13टीए 0583 की आपस में जोरदार (शेष पृष्ठ सात पर)

## ढाबे में चली गोलियां, एक घायल

सितारगंज(उद संवाददाता)। शनिवार की रात पंजाबी ढाबे पर स्कार्पियो सवार बदमाशों ने दो लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोली लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को नगर के सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने एक नामजद समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम दडहा निवासी सत्येंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार देर रात वह एचएस अस्पताल के पास स्थित पंजाबी ढाबे पर था। तभी एक काली रंग की स्कार्पियो यूके 04 एक्स 0007 ढाबे पर आई। जिसके बाद तीन–चार अन्य गाडिया भी मेरे ढाबे पर आई। इनमें से कुछ लोग उतरे जिन्होंने गाली गलौज करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमे मेरे साथी मोहर सिह पुत्र गज्जन सिंह को गोली के छर्रे लगे। गोली चलने के बाद वह लोग नीचे छिप कर बचे है। ढाबा स्वामी ने गोलियां चलाने वाले लोगों में नानकमत्ता के एक व्यक्ति का नाम और उसके साथी बताया है। बताया (शेष पृष्ठ सात पर)




## ससुर ने पुत्रवधू का कान काटा

काशीपुर(उद संवाददाता)। ससुर ने पुत्रवधू के साथ गाली गलौज मारपीट करते हुए उस पर धारदार हथियार से हमला कर पुत्रवधू का एक कान काट कर अलग कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ससुर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए हैं। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर यूके एनक्लेव नीझड़ा काशीपुर निवासी प्रणव मल्होत्रा की पत्नी जय प्रिया ने बताया कि मोहल्ला ओझान निवासी उसके ससुर अनूप मेहरोत्रा का बर्ताव उसके प्रति ठीक नहीं है। घटनाक्रम का जिक्र करते हुए पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीते (शेष पृष्ठ सात पर)

## सभी के सहयोग से होगा स्वच्छता अभियान सफल : धामी

### हल्द्वानी में मुख्यमंत्री ने किया स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज शहीद पार्क में स्वच्छता पखवाड़े के तहत कचरा मुक्त अभियान की शुरुआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शिलापट पर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट सहित कई नेता मौजूद रहे। जिसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए पार्क में सफाई भी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कई स्कूली बच्चों को स्वच्छता का संदेश भी दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सभी के सहयोग से ही




स्वच्छता अभियान सफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर पूरे देश में आज से स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान कर सफाई की जा रही है। से धामी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा पूरे देश को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया था। जिसे हम सभी लोग मिलकर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत के अंतर्गत सरकार कई योजनाएं चला रही है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी कार्यक्रम पर बोलते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव रहा है और यहां के लोग भी उन्हें अपना मानते हैं। इस बार भी उनके कार्यक्रम से उत्तराखंड को बड़ी सौगात मिलेगी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री श्री धामी का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मेयर जोगेंद्र रौतेला, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल डब्बू, प्रताप बिष्ट, प्रकाश हरबोला, कार्तिक हरबोला, हेमंत द्विवेदी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक, पुलिस तथा विभागीय अधिकारियों के साथ भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय जनता मौजूद रही।

## आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी के घर की कुर्की

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। न्यायालय में लबित एक मामले में फरार उत्तर प्रदेश के निवासी अभियुक्त की पुलिस टीम ने उसके मूल निवास जिला कुशीनगर थाना



कप्तानगंज गांव गजरा की न्यायालय के आदेश पर कुर्की कर ली। यह जानकारी देते हुए कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि भोलू पांडे पुत्र विभूति पांडे और संजय सिंह पुत्र गंगा सागर के विरूद्ध धारा 307,25 आर्म एक्ट के तहत 2014 में मामला पंजीकृत हुआ था। मामले में (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्वच्छता अभियान को लेकर आम और खास सभी ने दिखाया उत्साह

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत रविवार को क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह ने स्वच्छता अभियान में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। जिलाधि कि मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किये गये स्वच्छ भारत अभियान के





गांधी पार्क में वृहद स्वच्छता/श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह, हस्ताक्षर कर एवं गांधी पार्क में स्थापित महापुरूषों की मूर्ति पर श्रद्धां सुमन अर्पित कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कारी ने कहा कि नगर/शहर के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी आज सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा सार्थक परिणाम सामने आये हैं लोग स्वच्छता को लेकर जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने कहा (शेष पृष्ठ सात पर)

# आरएएन पब्लिक स्कूल ने दी बापू को स्वच्छांजलि

## छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ किए गए स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग देने के लिए आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। स्वच्छता पखवाडे को तथा श्रमदान करते हुए भुरारानी के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता अपनाकर अपने घर तथा आसपास के क्षेत्र को साफ रखने के लिए जागरूक किया। सूखे व गीले को अलग अलग करते हुए कचरा प्रबंधन के गुर सिखायें। क्रियाकलापों का आयोजन किया गया जैसे – पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन आदि जिनका उद्देश्य ''स्वच्छता भक्ति का स्वरूप है'' था। आस-पास के स्थान को हरियाली युक्त बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण का आयोजन भी किया गया 'स्वच्छता पखवाड़ा' अभियान में विद्यालय के संस्थापक व वरिष्ठ नागरिक माननीय विंग कमाण्डर एच. के.राय, मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम भूरारानी के पार्षद मोहन खेड़ा , प्रबंधक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि





सफल बनाने के लिए विशेष प्रार्थनासभा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात् रैली निकाली गई, जिसमें विद्यालय के ईको क्लब, इंटरेक्ट क्लब तथा एन.सी.सी. के छात्र/छात्राओं एवं अध्यापकों ने भाग लिया। छात्र/छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया आसपास की दुकानों पर बच्चों द्वारा कागज के थैले वितरित कर उनसे पॉलीथिन का प्रयोग न करने का अनुरोध किया। जरूरतमंद लोगों को डिटोल व कोलगेट देकर उन्हें स्वच्छ व स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही गाँधी जयंती पर अनेकानेक ताकि पर्यावरण हरा-भरा व स्वच्छ बनाया जा सके। अंत में उपस्थित अभिभावक गण, छात्र/छात्राओं एवं जनसमुदाय को फल व बिस्किट वितरित किए गए और स्वच्छता पखवाड़े को सफल स्वरूप प्रदान किया गया। इस प्रकार विद्यालय द्वारा आयोजित राय , प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट , शिक्षक गण,अभिवावक गण, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे तथा सभी ने अपने प्रेरित वचनों द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा बच्चों के कार्यों को सराहा एवं सभी के सुखद मंगलमय जीवन की कामना की।

# होली चाइल्ड स्कूल के शिक्षकों व छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अन्तर्गत होली चाइल्ड स्कूल के शिक्षकों व छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर व उसके आस-पास के क्षेत्र में पूर्ण मनोयोग से स्वच्छता अभियान चलाकर जन -जागरण किया। इस दौरान जीवन में स्वच्छता की उपयोगिता तथा लाभ के बारे में लोगों को समझाया।





जनजागरण के लिए इस अभियान से सम्बन्धित नारे भी लगाए गए। विद्यालय के आस-पास की कॉलोनी में जनजागरण रैली निकाली। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आर के बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, एमडी श्रीमती पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी, श्रीमती मंजू अधिकारी तथा शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।



# स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर किया जागरूक

काशीपुर( उद संवाददाता)। गांधी शास्त्री जयंती को ऐतिहासिक बनाने के लिए इस वर्ष पीएम मोदी ने देशवासियों से स्वच्छता में श्रमदान की अपील की है। इसी को लेकर आज सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा स्वच्छता को लेकर श्रमदान करते हुए जागरूकता रैली समेत विविध कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। सुबह सवेरे द गुरुकुल फाउंडेशन के छात्र-छात्राओं ने मुख्य चौराहे से राजकीय चिकित्सालय तक स्वच्छता संबंधी जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में शामिल स्कूली बच्चे हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों से अपने आसपास सफाई की अपील कर रहे थे। द गुरुकुल फाउंडेशन के बच्चों ने जेल रोड, माता मंदिर रोड, रामनगर रोड से होते हुए गवर्नमेंट हॉस्पिटल तक जागरूकता रैली के दौरान अपने आसपास बिखरी गंदगी को साफ करते हुए लोगों से स्वच्छता की अपील किया। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष नीरज कपूर, डायरेक्टर वसुधा कपूर, प्रधानाचार्य प्रतीक गोयल के अलावा टीचर्स स्टाफ में शुभांगी शर्मा, मिनल बडवा, सुरभि चौहान व विनोद जोशी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसी तरह राजकीय इंटर कॉलेज की छात्राओं ने भी स्वच्छता में श्रमदान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों को गति देने का काम करते हुए अपने आसपास साफ सफाई



की। ऐसे ही राजकीय चिकित्सालय में भी कार्यवाहक सीएमएस डॉक्टर खेमपाल के नेतृत्व में अस्पताल स्टाफ ने स्वच्छता में श्रमदान करते हुए अस्पताल परिसर में सफाई अभियान चलाया। इसी तरह गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर पीएम मोदी के आह्वान पर काशीपुर के अलावा जसपुर बाजपुर आईटीआई कुंडा तथा महुआखेड़ागंज में भी गांव तथा नगरीय इलाकों में स्थानीय लोगों शिक्षाविदों समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता में बढ़-चढ़कर श्रमदान किया।

## श्रमदान को लेकर पूर्व पार्षद बाली दिखे उत्साहित

काशीपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांधी जयंती के पूर्व मौके पर स्वच्छता में श्रमदान किये जाने की अपील को यहां भाजपा के पूर्व पार्षद सर्वेश बाली ने बेहद गंभीरता से लिया। सुबह 8:00 बजे से अकेले हाथ में झाड़ू लेकर भाजपा के पूर्व पार्षद सार्वजनिक स्थानों पर सफाई करते नजर आए। वरिष्ठ पार्षद ने स्थानीय लोगों से भी स्वच्छता में श्रमदान की अपील किया। सुबह लगभग 8:00 बजे पूर्व पार्षद सर्वेश वाली हाथ में झाड़ू लेकर स्कूटी से शहर की सड़कों पर निकल पड़े। उन्होंने सब्जी मंडी मुख्य चौराहा कोतवाली के आसपास पेट्रोल पंप विद्यालय के आसपास सरकारी अस्पताल स्टेडियम आदि स्थानों पर फैली गंदगी को साफ किया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी स्वच्छता में श्रमदान की अपील करते हुए कहा कि साफ-सफाई से हम स्वस्थ रह सकते हैं इसके अलावा गंभीर बीमारियों से भी बचाव होगा।



# छात्र छात्राओं ने ग्रामीण अंचल में चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल बिलासपुर के बच्चों द्वारा प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई मुहिम के तहत कौशल गंज ग्राम में विद्यालय के बाहर,हाईवे पर तथा डिबडिबा में अपना श्रमदान कर लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को जागरुक करते हुए उन्होंने बताया कि किस तरह हम डेंगू ,मलेरिया जैसी बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं । साथ ही ग्रामीण अंचल के लोगों को स्वच्छ रहने के तरीके बताये तथा उन्हें टूथपेस्ट तथा साबुन वितरित किए। साथ ही बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छ रहने तथा कूड़े को कूड़ेदान में डालने के लिए प्रेरित किया ।इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर मोहित राय ने भी लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि देश का हर नागरिक श्रमदान करे तो ,देश से गंदगी का नामोंनिशान मिट जायेगा और हम सब एक खुशहाल एवं स्वस्थ जीवन यापन करेंगें । प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने मौहल्ले ,अपने देश को स्वच्छ रखना हम सब की जिम्मेदारी है तथा स्वच्छता के प्रति श्रमदान करना हम सब का कर्तव्य है। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 40 बच्चों तथा 25 अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को सूक्ष्म जलपान वितरित किया गया ।



# पीएसी प्लाटून कमांडर का बेटा बीएसएफ में बना असिस्टेंट कमांडेंट

## घर पहुंचने पर परिवार में खुशी का माहौल

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।31वीं पीएसी में प्लाटून कमांडर गोविंद मनकोटि का बेटा बीएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट बनाकर जब घर वापस लौटा तो परिवार का खुशी का ठिकाना नहीं था। वहीं पीएसी के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी आवास पहुंचकर शुभकामनाएं दी। बता दें कि मूलरूप से मल्लाकोट बागेश्वर निवासी गोविंद मनकोटि 31वीं वाहिनी पीएसी में प्लाटून कमांडर के पद पर तैनात है। वर्ष 2020 में उनके बेटे नरेश मनकोटि ने यूपीएससी में ऑल इंडिया रैंकिंग में 84 स्थान प्राप्त किया था और वर्ष 2022 में मध्य प्रदेश के टेकनपुर में बीएसएफ में असिस्टेंट कमांडर की ट्रेनिंग पूर्ण करने के बाद घर लौटा। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी से इंटर और ग्रेजुएशन करने के बाद नरेश को आर्मी ऑफिसर बनने का सपना था। जिसको कड़ी मेहनत के बाद पूर्ण भी किया। बीएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट बनकर लौटने के बाद सेनानायक प्रीति प्रियदर्शनी सहित आला अधिकारियों ने शुभकामनाएं दी और परिवार भी बेटे को देखकर भावुक हो उठा। बता दें कि गोविंद मनकोटि कई वर्ष तक सीपीयू में तैनात रहे।





रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# किच्छा के सभी वार्डों में चला व्यापक स्वच्छता अभियान

किच्छा(उद संवाददाता)। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शहर के सभी वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया। उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोहली, अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह, कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार, तहसीलदार त्रिपाठी, विधायक प्रति निधि गौरव बेहड़ के नेतृत्व में समस्त सरकारी गैर सरकारी अर्ध सरकारी कार्यालय नगर के गली मोहल्लों में सफाई अभियान व्यापक रूप से चलाया गया। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा महिलाओं को सफाई के लिए प्रेरित किया गया तथा गलियों में साफ सफाई की गई। जहां एक और आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी महकमें ने स्वच्छता पखवाड़ा सफल बनाने का प्रयास किया वहीं नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ,राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा भी विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका तथा उप जिलाधिकारी कार्यालय एवं तहसील कार्यालय में सफाई अभियान का प्रारंभ क्रमशः उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्रा ,नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोहली, तहसीलदार त्रिपाठी, विधायक प्रति निधि गौरव बेहड़ के तत्वाधान में शुरू किया गया वहीं वार्ड नंबर 1 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती धन्ना देवी अनीता ,पूजा ,के नेतृत्व में सफाई अभियान किया गया।सत्य पथ धाम में कमेटी के सदस्यों के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा विवेक दीप सिंह, दिनेश भाटिया , संजीव कुमार सिंह, ओमप्रकाश दुआ, किशन गोयल, दर्शन सिंह हिन्दुस्तानी, सुनील पपनेजा, पराग अग्रवाल, पंकज पपनेजा , ब्रह्मानंद पुरोहित, हीरा सरकार आदि लोग उपस्थित थे। चूड़ी शाह मजार परिसर,वार्ड नंबर 13 मै समाज सेवी अक्षय बाबा के नेतृत्व मै जुनैद मलिक, अदनान खान,अमान भाई, नितनी मैसी ने सफाई अभियान चलाया,आवास विकास मै भपेंदर पपनेजा( बंटी पपनेजा)ने गांधी पार्क की सफाई के साथ ही गांधी जी की मूर्ति की सफाई की। सफाई अभियान में गंगा देवी, जगरूप सिंह गोल्डी विनोद सिंह फर्त्याल,मुन्नी देवी, गुड्डू तिवारी, कैलाश जोशी,सहित दर्जनों लोग शामिल थे।





## मारपीट में पिता पुत्रों सहित चार लोगों के खिलाफ पर केस

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता पुत्रों समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला कटरा मालियान निवासी यश पुत्र सोनू उर्फ प्रमोद कुमार ने बताया कि 28 सितंबर की शाम लगभग 7:30 बजे हाथ में खाने की चिप्स लेकर घर से बाहर निकल ही था कि इसी दौरान शिवा, नन्हे उर्फ अनुराग तथा अभिषेक पुत्रगण चंद्र प्रकाश अचानक वहां आ धमके और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि शोर शराबा होने पर जब उसकी मां ने आकर हमलावरों से इसका कारण पूछा तो हमलावरों ने सबके सामने लात घुसो से उसकी दोबारा पिटाई की। मौके पर तमाशबीनों की जब भीड़ जुटी तो दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले में चंदू तथा उसके लड़कों का बुरी तरह आतंक है।

## महिला ने ननद और उसके पुत्रों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने ननद और उसके पुत्रों पर मारपीट कर कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया। मामला कोतवाली में स्थित महिला हेल्पलाइन पहुंचा। यहां पर भी पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों में नोंक झोंक हो गई। जानकारी के मुताबिक रविवार को चौकी आदर्श कालोनी क्षेत्र निवासी एक महिला अपने मायके वालों के साथ कोतवाली पहुंची। महिला का आरोप है कि उसके पति की मृत्यु हो गई है। वह अपने बच्चों का पालन पोषण करती है। महिला का आरोप है कि रविवार को उसके साथ ननद और उसके पुत्रों ने मारपीट की। उसके कपड़े भी फाड़ दिए। महिला ने बताया कि पहले भी उसके साथ मारपीट की थी। बाद में पुलिस ने समझौता करा दिया था। महिला के मुताबिक वह मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। पीड़िता के साथ आए परिजनों ने भी पुलिस को बताया कि ननद व उसके पुत्र मारपीट करते हैं। बताया जाता है कि महिला हेल्पलाइन में भी दोनों पक्षों के बीच नोंक झोंक हो गई। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि पुलिस विवाद के कारणों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस को मौके पर भी भेजा है।

## नदियों में खनन का कार्य शुरू

रूद्रपुर। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि जनपद के नदी तल उपखनिज क्षेत्रों में खनन/चुगान का कार्य वर्षा काल में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से होने वाले जान-माल की क्षति को दृष्टिगत रखते हुए स्थगित किया गया था। जिलाधिकारी ने जनपद के राजस्व भूमि, वन भूमि एवं निजी नाप भूमि में स्वीकृत समस्त खनन पट्टों से चुगान कार्य वर्षाकाल की समाप्ति उपरांत 01 अक्टूबर 2023 से पुनः खनन/चुगान हेतु आरम्भ किये जाने की अनुमति प्रदान की है।

## युवक और उसकी मौसी पर किशोरी को भगाने का आरोप

### पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज ,जांच शुरू

काशीपुर(उद संवाददाता)। युवक तथा उसकी मौसी पर 16 वर्षीया किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। महिला ने पीड़िता के परिजनों को धमकाया है कि यदि उन्होंने इस मामले में कानूनी कार्यवाही की तो अंजाम ठीक नहीं होगा। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक तथा उसकी मौसी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की तलाश तेज कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर प्रभु विहार कॉलोनी काशीपुर निवासी एक महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री बीते 26 सितंबर को जब स्कूल गई थी इसी दौरान षड्यंत्र के तहत कचनाल गाजी निवासी अजीत पुत्र बलदेव सिंह ने पहले फुसलाकर रास्ते से उसे भाग लिया। आरोपी की इस कृत्य में आरोपी युवक की मौसी राजवीर कौर भी शामिल है। पुलिस को दी तहरीर में बताया गया की घटना के दूसरे दिन आरोपी युवक की मौसी राजवीर कौर ने प्रीत के घर आकर लड़की को वापस करने की बात कही लेकिन किसी के दूसरे दिन दोबारा उसने घर में आकर कानूनी कार्रवाई करने पर परिजनों को धमकाया। उसने कहा कि किशोरी की शादी अजीत के साथ करते हुए दो प्लॉट दहेज में नगदी आदि सामान देना होगा। पुलिस के पास जाने पर अंजाम गंभीर होंगे। शादी नानकमत्ता गुरुद्वारे में कराई जाएगी। इस मामले में कानून का सहारा लेने पर गायब किशोरी के भाई अभिषेक को मौत के घाट उतार दिया जाएगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी युवक तथा उसकी मौसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

## रामलीला के कलाकारों का मंचन पूर्वाभ्यास जारी

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री रामलीला नाट्य कला परिषद अनाज मंडी द्वारा किए जा रहे अभ्यास के 10वें दिन कलाकारों द्वारा श्री राम जन्म, सीता जन्म, राक्षसों की खरमस्तियां, श्री राम वनवास, नैया पार जैसे बहुत दृश्यों का बड़ी ही निष्ठा भावना से किए जा रहे अभ्यास को देखकर श्री रामलीला अनाज मंडी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज जी, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष कृष्ण अनेजा, निर्देशक अशोक पोपली,



अशोक सुधा, राजू भुड्डी, जगदीश भुड्डी, सिद्धार्थ भुसरी, प्रवीण गिलहोत्रा द्वारा कलाकारों का उत्साह वर्धन किया गया। इस मौके पर श्री रामलीला नाट्य कला परिषद के कलाकार रोहित पोपली, साहिल सुधा, गुलशन शर्मा, सागर कालरा, कशिश खुराना, अमन गाबा, मुनि भुसरी, दीपक छाबड़ा, युवराज कुमार, क्षितिज कोचर, करन कालरा, अविष अरोरा, अभिषेक सक्सेना, यश अरोरा एवम समस्त कलाकार उपस्थित रहे।

## सिग्स सिग्मा के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।स्वच्छता मिशन 9 साल के उपलक्ष्य में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा- स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत सिक्स सिगमा इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, रुद्रपुर के एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों के द्वारा कॉलेज परिसर में तथा कालेज परिसर के बाहर साफ सफाई की गई। इस अवसर पर संस्थान के प्रोग्राम ऑफिसर ललित भट्ट तथा सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर चंदन सिंह राणा, कार्तिक हालदार व अमित प्रकाश उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष राजो डाबर ,उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर सीए शिव अरोरा, निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा एवं मैनेजमेंट सदस्य वंश डाबर ने सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता पखवाड़ा- स्वच्छता ही सेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रोग्राम अधिकारी चन्दन सिंह राणा, सी.इ.ओ. अनुभव बाठला, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन, शिल्पा विश्वकर्मा, मुकेश कुमार, कार्तिक हालदार,ललित भट्ट एवं शिक्षक- शिक्षिकाएं, डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट एवं फार्मेसी के प्राचार्य डॉक्टर विजय सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्रायें आदि मौजूद थे ।




## मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने पर तीन कारोबारियों पर लगाया जुर्माना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी / अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) ऊधम सिंह नगर अशोक कुमार जोशी के द्वारा एफ०एस०एस० एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप न पाये जाने वाले विभिन्न खाद्य पदार्थों को विक्रय/ संग्रहण / निर्माण करने वाले खाद्य कारोबारियों पर कुल एक लाख तीन हजार 1,03000 का अर्थ दण्ड अधिरोपित किया गया है। जिला अभिहित अधिकारी, ऊधम सिंह नगर डा० प्रकाश फुलारा द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में संग्रहित नमूने जिसमें से राज्य खाद्य एवं औषधि जांच प्रयोगशाला रूद्रपुर की जांच रिपोर्ट में मानकों के अनरूप न पाये जाने वाले खाद्य पदार्थ दूध, सरसों का तेल, लाल मिर्च पाउडर, मैकरोनी, के 4 नमूने तथा अस्वछकर मीट विक्रय करने पर बिना लाईसेंस के विरूद्ध कुल 5 केसों का निस्तारण किया गया। अधोमानक दूध की बिक्री पर 10,000, अधोमानक सरसों के तेल की बिक्री पर 15000, अधोमानक लाल मिर्च पाउडर की बिक्री पर 10000 अधोमानक मैकरोनी की बिक्री पर 58000 व अस्वछकर मीट विक्रय करने पर 10000 रू० का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। अभिहित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि माननीय न्याय निर्णायक अधिकारी / अपर जिलाधिकारी द्वारा माह सितम्बर 2023 में कुल 22 वादों का निस्तारण किया गया है तथा सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि यदि किसी भी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा एफ०एस०एस० एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप न पाये जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों का विक्रय / संग्रहण / निर्माण किया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी, तथा आम जनमानस से अपील की गई कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि / उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का खाद्य लाईसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें तथा निम्न गुणवत्ता, अस्वछकर एवं अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 18001804246 पर शिकायत करें।

# ब्रिटानिया न्यूट्रिशन ने महिलाओं की गोद भराई कर कुपोषित बच्चों को बांटी किट

## माय प्लेट माय न्यूट्रिशन अभियान का किया समापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पोषण माह के अंतिम दिवस ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा नगर निगम सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण माह मनाने के लिए ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन ने माय प्लेट माय न्यूट्रिशन अभियान शुरू किया था। जिसके अंतर्गत पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए नगर निगम सभागर में पोषण माह के समापन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।अतिथि के तौर पर मेयर रामपाल की धर्म पत्नी श्रीमती अंजू रामपाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, वार्ड पार्षद श्रीमती रजनी रावत एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की सुपोषण सखियां मोजूद रहे। कार्यक्रम में गांधी कालोनी, रम्पुरा, भूत बंगला क्षेत्र के लाभार्थी गर्भवती माताऐं, कुपोषित बच्चे एवं उनकी माताओं को भी शामिल किया गया। कार्यक्रम में 15 गर्भवती माताओं की गोद भराई व 20 कुपोषित बच्चों को स्वच्छता किट व मच्छरदानी एवं स्वस्थ (जिनका वजन 2.5 से 3 किलोग्राम) नवजात बच्चों को बेबी किट का वितरण किया गया। श्रीमती अंजू रामपाल सिंह ने ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहना की। साथ ही गर्भवती व धात्री माताओ को बेहतर स्वास्थ्य के लिए सुझाव भी दिए। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा गर्भवती माताओं को लोहे की कढाई, प्रोटीन से भरपूर काला चना, सोयाबीन, राजमा व साबूत मूंग दाल वितरित किया गया। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन के डीपीओ मोहित सक्सेना ने बताया कि इन सभी चीजों को अपने रोजाना के आहार में अपनाने की सलाह दी तथा स्वच्छता एवं संपूर्ण आहार के बारे में जानकारी दी। साथ ही डेंगू से बचाव के भी सुझाव दिए। उन्होंने सही पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों की जानकारी देते हुए स्थानीय खाद्य पदार्थ को अपने खाने में शामिल करने की सलाह दी जैसे मड़वा, जौ, बाजरा, रागी इत्यादि। गर्भवती माताओं को खास देखभाल, सही व भरपूर आहार लेने को कहा साथ ही 6 माह के बच्चों की माता को ऊपरी आहार के विषय में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की टीम से अनुज सिंह, सुप्रिया पाठक, निष्ठा, पूनम शर्मा, दीपा नयाल, सुनीता गोस्वामी, दीपा भंडारी, श्वेता सेतिया उपस्थित रहे।







# जीएसएम स्कूल के छात्रों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जीएसएम पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाओं व छात्र – छात्राओं ने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता रैली का आयोजन किया । जिसमें सभी छात्र छात्राओं तथा शिक्षिकाओं ने क्षेत्र में घूम कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सभी छात्र घर में रखो साफ–सफाई, सब रोगों की एक दवाई, स्वच्छता ही जीवन है इत्यादि नारों के साथ क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया। प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी छात्र–छात्राएं हाथों में स्लोगन लेकर चल रहे थे। इस दौरान सभी छात्रों ने उत्तरायणी कॉलोनी, बनखंडी कॉलोनी होते हुए फुलसुंगा गांव तथा सरस्वती एंक्लेव में घूम कर लोगों को जागरूक किया। तत्पश्चात विद्यालय परिसर तथा उसके आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक कूड़ा इकट्ठा किया। प्रधानाचार्या सुनीता शर्मा ने सभी छात्राओं का आह्वान किया कि मनुष्य की सबसे पहली आवश्यकता एक अच्छा स्वास्थ्य है तथा अच्छा स्वास्थ्य ही हमें जीवन में सुख प्रदान कर हमारे जीवन को सफल बना सकता है। इसलिए सभी बच्चों को प्रारंभ से ही स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर एकता बिश्नोई, रजनी रावत, शबनम, रीना तिवारी, आकांक्षा, सुनिधि, उर्मिला, मीना, रचना व संजना ने छात्र छात्राओं राहुल, हिताक्षी, रिया, हाशिम, प्राची, स्वाति, महिमा, मीनू, शुभम, युवराज धर, सौरव, संदीप, नक्षित आदि के साथ मिलकर पखवाड़े का संचालन किया।







'श्री महावीराय नमः'
सबसे क्षमा सबको क्षमा
उत्तम क्षमा
मिच्छामी दुक्कडम
क्षमावाणी महापर्व पर सभी जीवों से हृदय से क्षमा याचना
क्षमा प्रार्थी
संजीव जैन अमित जैन लोहिया निनाद जैन

# एसएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान

गदरपुर( उद संवाददाता)। एस0एस0पब्लिक स्कूल में स्वच्छता अभियान पखवाड़े के तहत विद्यालय के बच्चों द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसके तहत प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा दिये जा रहे संदेश को बच्चों ने बैनर द्वार प्रदर्शित किया । विद्यालय के एम0डी0 डी0पी0 सिंह ने रैली में भाग



लेकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। श्री सिंह ने स्वच्छता अभियान सफल बनाने के लिए विद्यालय परिवार और बच्चों को शपथ दिलवाई। प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने बच्चों की रैली के माध्यम से समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों के साथ मिलकर पूरे विद्यालय में सफाई कार्य किया एव कभी भी अपने आस पास कूड़ा ना होने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उपप्रध ानाचार्य सुरेन्द्र प्रसाद,उमेश चौहान , मंजीत सिंह,प्रदीप चौधरी,पलक तिवारी, कीर्ति फौगाट,चंदा रानी, कोमल,पूजा रावत,अलका, गुरप्रीत, मोनिका, रेखा, सचिन बजाज,केवल कंबोज, साक्षी चौध री,संदीप सिंह,हिमांशु,रेनू चौधरी आदि ने इस अभियान में प्रतिभाग किया।

तुम जियो हजारों साल



विराज कालरा के जन्म दिन पर समस्त कालरा परिवार एवं दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जीत के लिए खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

## अंतरराष्ट्रीय खिलाडी नरेंद्र सिंह रावत ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में 7 वी उत्तराखण्ड सीनियर स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन पुरूष वर्ग में प्रथम लीग मैच हरिद्वार एवं देहरादून के मध्य खेला गया। जिसमें हरिद्वार ने 76/54 अंको से देहरादून को एवं महिला वर्ग में दूसरे दिन ऊधम सिंह नगर ने 17/26 अंको से हल्द्वानी को शिकस्त देकर अगले लीग मैच के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। आयोजक सचिव रमेश चंद्र लोहनी ने बताया दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड मंडी परिषद एवं विपणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. अनिल कपूर एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में बास्केटबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाडी नरेंद्र सिंह रावत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर लीग मैचों का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन जिसमे लीग कम नॉकआउ आधार में मैच खेले गए। जिसमे महिला वर्ग में दूसरा लीग मैच पिथौरागढ़ एवं हरिद्वार(41/19) तथा पुरुष वर्ग में दुसरा लीग मैच अल्मोड़ा एवं ऊधम सिंह नगर (87/96) तीसरा लीग मैच नैनीताल एवं चंपावत (78/66) अंक अर्जित कर अगले लीग मैचों के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। उक्त अवसर पर बास्केटबॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष डॉ. नागेंद्र शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय राठी, अंकुश रौतेला, सुभाष पांडेय, विवेक मागलिक, सुमित बमोला, गोविन्द परिहार, नवीन मिश्रा, अरुण बुगानी, सुधा जोशी, प्रगति दुमका, दिव्या गोस्वामी, इबरान आदि उपस्थित रहे।



# कार्यकर्ताओं ने देखा प्रधानमंत्री संकल्प सप्ताह के शुभारम्भ का सीधा प्रसारण

गदरपुर( उद संवाददाता)। पूर्व निध ारित कार्यक्रम के तहत आंकाक्षी विकास खंड कार्यक्रम (एबीपी) के अन्तर्गत संकल्प सप्ताह (03 अक्टूबर से 09 अक्टूबर 2023 तक) मनाये जाने हेतु लांच उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा नई दिल्ली में किया गया। जिसका प्रसारण (एबीपी) विकास खंड गदरपुर के सभागार में किया गया। प्रधानमंत्री के द्वारा नये भारत की नई तस्वीर विकसित भारत, समृद्व भारत की चर्चा की गयी व कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओ पर प्रकाश डाला गया । इसके अतिरिक्त विकास खण्ड की 12 ग्राम पंचायतो मेंकार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसे जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने देखा। कार्यक्रम में विधायक अरविन्द पाण्डेय जिलाधिकारी उदयराज सिंह, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार उपजिलाधिकारी गौरव पाण्डे, मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना, अनादि रंजन मंडल, अनिल जेटली , तहसीलदार दिनेश कुटोला, सहायक खण्ड विकास अधिकारी, सुभाषिनी, उपकार्यक्रम अधि कारी अमित मेहरा, बी० एम० एम० सखावत, राधा बठला, प्रधान सहायक आनंद सिंह बिष्ट, लेखाकार मदन सिंह सैनी, कनिष्ट अभियन्ता विश्वजीत, शिखर ओझा, सीडीपीओ, बीना भण्डारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी भास्करानंद पाण्डेय ,चिकित्साधिकारी बीपीएम रिजवान, हीरा सिंह बिष्ट रवीन्द्र उपाध्याय ,अब्दुल रहमान , गोविन्द सिंह ग्राम प्रध ान प्रतिनिधि विजय कुमार, रवीन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी, ग्राम प्रध ान मनोज डेवराही, हिमांशु गोस्वामी, हेम गिरी, मुकेश राणा, मुकेश बाला व क्षेत्र पंचायत सदस्य कौशल विश्वास द्वारा मुख्य कार्यक्रम स्थल भारत मध्यम, नई दिल्ली में प्रतिभाग किया गया।



# बाबा भक्त विक्की मुंजाल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

## शुभकामनाएं देने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों का लगा रहा तांता

रुद्रपुर। नगर के समाजसेवी युवा व्यापारी एवं बाबा भक्त विक्की मुंजाल का जन्मदिन धार्मिक जयकारों के बीच धूमधाम से मनाया गया ।सुबह से फेसबुक, व्हाट्सएप व फोन पर देर रात तक बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इसके बाद हरियाणा फतेहाबाद की टी- सीरिज की प्रसिद्ध भजन गायिका मोना मेहता मदान, मेयर रामपाल ने भी विक्की मुंजाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुये कहा मेरे विक्की भाई पर बाबा की कृपा हमेशा बनी रहे। इसके अलावा सैकड़ों लोगों ने फोन पर मुंजाल को शुभकामनाएं दी ।मुंजाल ने अपने जन्मदिन की शुरुवात आदर्श कॉलोनी स्थित समाधि श्रीमान 108 संत बाबा गोपाल सिंह जी डेरा भजनगढ़ गुरुद्वारे में माथा टेक कर की। मुंजाल ने सबसे पहले अपने निवास पर परिवार के साथ जन्मदिन मनाया। इस दौरान मुंजाल ने अपने पिता अशोक मुंजाल व माता श्रीमति सुषमा मुंजाल से आशीर्वाद प्राप्त किया। जन्म दिन के उपलक्ष्य में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एडवोकेट दिवाकर पांडे व संजय ठुकराल ने मुंजाल के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर शाल ओढ़ाकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया।इस मौके पर पूर्व विधायक ने कहा भाई विक्की मुंजाल पर बाबा की कृपा बनी रहे और बाबा अपनी सेवा में हमेशा लगाये रखें। आदर्श कॉलोनी स्थित जी मार्ट के निकट बाबा भक्त मंडल के महामंत्री साहिल आहूजा व कोषाध्यक्ष शिवम तागरा के नेतृत्व में मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल का जन्मदिन शॉल ओढ़ाकर केक काटकर व श्री बालाजी महाराज के 14 जयकारों के बीच धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान मंडल के संरक्षक भुवनेश्वर अरोरा ने कहा विक्की मुंजाल रुद्रपुर उत्तराखंड में एक अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। इन पर प्रभु श्री राम की कृपा हमेशा बनी रहे। इसके बाद जिला मंत्री प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल राजकुमार सीकरी के प्रतिष्ठान पर जन्म दिन मनाया गया। रोडवेज स्थित देवभूमि कैंटीन पर खेमानंद जोशी के नेतृत्व में विक्की मुंजाल का जन्मदिन केक काटकर व फूलों का गुलदस्ता भेंट कर धूमधाम से मनाया गया। वहीं टी-सीरीज के प्रसिद्ध भजन गायक अमन सांवरिया ने मुंजाल के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर फूलों का गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन मनाया गया इस दौरान अमन सांवरिया ने कहा कि मुंजाल हमेशा समाज सेवा में अग्रणी रहते हैं। भाजपा नेता सोनू खुराना ने भी विक्की मुंजाल को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी । इस दौरान खुराना ने कहा मुंजाल को श्री बालाजी महाराज के चरणों से जुड़े हुए 23 वर्ष हो गए हैं वे धार्मिक कार्यों के साथ समाज सेवा के लिए भी हमेशा तत्पर रहते हैं । मुंजाल ने कहा उनका जन्मदिन इस बार भी ऐतिहासिक रहा। इस मौके पर विक्की मुंजाल ने सभी का आभार व्यक्त भी किया।मुंजाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वालों मे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, मेयर रामपाल, एडवोकेट दिवाकर पांडे, संजय ठुकराल, हिमांशु मिड्डा, विक्की आहूजा,सोनू खुराना, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, आशीष ग्रोवर (आशु),मनोज मुंजाल ,सचिन मुंजाल, गौरव खुराना,हैप्पी रंधावा, अरुन अरोरा, समीर अरोरा,जोमी चाण्डा,शेखर जुयाल, राजेश कामरा, बॉबी टुटेजा, बाबा भक्तमण्डल के महामंत्री गौतम आहूजा,कोषाध्यक्ष शिवम तागरा, तुषार आहूजा,गौरव अरोड़ा,सुमित सहगल,गौरव भुड्डी,वैभव ग्रोवर (वर्मा), इन्दरपाल मदान आदि लोगो ने बधाई दी। (Advt.)



# पोषण मेले में महिलाओं को बताये मोटे अनाज के फायदे

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बाल विकास परियोजना रुद्रपुर ग्रामीण के सेक्टर बिगबाडा के आंगनबाड़ी केंद्र सिंह कालोनी में पोषण मेले का आयोजन किया गया। किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान व जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि आंगनवाड़ी अपने क्षेत्र में समाज उत्थान के लिए बेहतर कार्य कर रही हैउन्होने कहा कि पोषण माह अभियान जो चल रहा है इसका सभी महिलाओं को लाभ अवश्य लेना चाहिए। सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप ने कहा कि पोषण माह अभियान 01 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चला। उन्होने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा मोटे अनाज के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया गया तथा पोषण मेले के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की गोद भराई, अन्नप्राशन, महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। अम्मा की रसोई बनाई गई जिसमें भुटकी, चुलकानी बनाई गई और उसके फायदे बताए गए बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं डीपीओ की उपस्थिति में सुपरवाइजर आशा जोशी द्वारा विभागीय योजनाओं पी.एम.वी. वाई.योजना, नंदा गौरा योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमा कांडपाल द्वारा 10 खाद्य समूह वजन ट्रैकिंग व एनीमिफ से बचाव हेतु किस प्रकार का आहार लेना चाहिए आदि की जानकारी दी गई ।जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह ने किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान को स्मृति देकर सम्मानित किया।तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी ने डी.पी.ओ.,पार्षद सुशील चौहान, पार्षद राजेश जग्गा ,दिलीप चौहान,हरीश को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सुरेखा चौहान,रचना,अमृत कौर,तारा भट्ट, सविता मिश्रा,अनीता यादव,अनीता कटारिया,मीना गुप्ता, डिम्पल, दलवीर, रूपा,रजनी,रेनू,सुमन चतूर्वेदी, कैलाशो, पूजा शर्मा, कमला गंगवार, अर्शी सहित बिगवाड़ा की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका उपस्थित रही।








# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भड़कती हिंसा और दहशतगर्दी

मणिपुर में सशस्त्रबल विशेषाधिकार कानून यानी अफस्पा को अगले छह महीने के लिए बढ़ाए जाने के फैसले से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि सरकार वहां व्याप्त हिंसा का राजनीतिक हल निकालने के बजाय बल प्रयोग पर ज्यादा भरोसा कर रही है। मणिपुर के मैतेई बहुल उन्नीस जिलों को छोड़ कर सभी पहाड़ी इलाकों में अफस्पा का अवधि विस्तार कर दिया गया है। इसके पीछे तर्क है कि वहां सक्रिय आतंकी समूहों के विरोध प्रदर्शनों आदि में घुस कर अशांति फैलाने का खतरा बढ़ गया है। पिछले दिनों सशस्त्र बलों ने यह भी कहा था कि वहां के आतंकी समूह सशस्त्रबलों की वर्दी और वाहनों जैसे वाहन तैयार कर रहे हैं। कई हिंसक मामलों में चरमपंथियों के शामिल होने के पुख्ता सबूत भी हाथ लग चुके हैं। ऐसे में एहतियात के तौर पर अफस्पा को विस्तार दिया गया है। इस तरह सेना किसी को भी शक के आधार पर गिरफ्तार कर सकती है, किसी भी घर की तलाशी ले सकती और चेतावनी देकर गोली मार सकती है। माना जा रहा है कि इस सख्ती का दहशतगर्दों पर असर होगा और हिंसा की घटनाओं में कमी आएगी। मगर वहां के नागरिक समाज पर इसका कैसा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, शायद इसका आकलन नहीं किया गया है। कुछ महीने पहले तक केंद्र सरकार पूर्वोत्तर राज्यों में लागू अफस्पा को चरणबद्ध तरीके से हटाने के पक्ष में थी। कुछ मौकों पर इसका श्रेय भी लेने का प्रयास किया गया। मगर अब जब मणिपुर में इसकी अवधि बढ़ाने का फैसला किया गया है, तो स्वाभाविक रूप से केंद्र और राज्य सरकार के इरादे पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। दरअसल, इस कानून के लागू रहने से नागरिक समाज को हमेशा एक भय में जीवन गुजारना पड़ता है। कश्मीर में अफस्पा की वजह से मानवाधिकार उल्लंघन के अनेक गंभीर आरोप सामने आए थे। मणिपुर में भी सशस्त्रबलों की कार्रवाइयों को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। इसलिए जहां भी अफस्पा लागू है, वहां के नागरिक इसे हटाने की मांग करते रहे हैं। इसे हटाने को लेकर इरोम चानू शर्मिला लंबे समय तक धरने पर बैठी रहीं। वहां की महिलाओं ने निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन किया था। इसलिए जब केंद्र में भाजपा की अगुआई वाली राजग की सरकार आई तो उसने चरणबद्ध तरीके से अफस्पा हटाने की घोषणा की। पूर्वोत्तर के कई हिस्सों से इसे हटाया भी गया। मगर मणिपुर के मामले में वर्तमान स्थितियों के मद्देनजर कदम वापस खींचने पड़े हैं। मणिपुर का मामला राजनीतिक है। अगर वहां की सरकार ने गंभीरता दिखाई होती और केंद्र ने उसे अपेक्षित सहयोग दिया और लगातार उस पर दबाव बनाए रखा होता तो इसका समाधान पहले ही हो गया होता। मगर इस घटनाक्रम में राज्य सरकार का पक्षपातपूर्ण रवैया दिखता रहा। केंद्र ने भी अपेक्षित कदम नहीं उठाए। इसका नतीजा यह हुआ कि मैतेई और कुकी समुदाय एक-दूसरे के खून के प्यासे बने हुए हैं। सर्वोच्च न्यायालय को इस मामले में स्वत: संज्ञान लेकर निगरानी समिति गठित करनी पड़ी। उसके बावजूद वहां रह-रह कर हिंसा भड़क उठती है। करीब पांच महीने होने आ रहे हैं, मगर पुलिस और सशस्त्रबलों की कड़ाई काम नहीं आ पा रही है। ऐसे में अफस्पा की अवधि बढ़ा देने से इसका हल निकाला जा सकेगा, दावा नहीं किया जा सकता। जब तक इस समस्या के समाधान के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई देगी, तब तक स्थिति में किसी प्रकार के सुधार की गुंजाइश शायद ही बन पाए।

# जगह जगह लगे कूड़े के ढेर

## स्वच्छता के मुद्दे पर निगम प्रशासन रहा निष्क्रिय, कूड़े पर मंडरा रहे आवारा पशु



काशीपुर(उद संवाददाता)। गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर पीएम मोदी द्वारा किए गए स्वच्छता में श्रमदान की अपील को निगम प्रशासन ने संजीदगी से नहीं लिया यही कारण है कि रविवार को 12:00 बजे तक नगर के दर्जनों महत्वपूर्ण स्थानों के अलावा आबादी वाले मोहल्लों में कूड़े के ढेर पर आवारा जानवर मुंह मारते नजर आए। जातव्य है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों से स्वच्छता में श्रमदान की अपील किया। इस बारे में सरकार द्वारा बाकायदा सभी सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालय शैक्षणिक संस्थाओं आदि को लिखित रूप में निर्देश भी जारी किए गए हैं बावजूद इसके निगम प्रशासन साफ सफाई को लेकर गंभीर नजर नहीं आया। रविवार को अपराह्न 12 बजे तक मोहल्ला कटोरा ताल में छावनी के ठीक सामने सड़क किनारे कूड़े के देर में आवारा जानवर मुंह मारते नजर आए। गंदगी एवं सड़ांध के कारण आसपास के लोग निगम कर्मियों को कोसते रहे। इसी तरह रामनगर रोड पर फ्लाईओवर के समीप प्राइवेट बस अड्डे के पास पूर्व की भांति हाईवे पर एकत्रित कूड़े के ढेर में आवारा पशुओं को पेट बांटते देखा गया। ऐसे ही मुरादाबाद रोड बाजपुर रोड के अलावा टांडा उज्जैन पुलिस चौकी के समीप सड़क किनारे जमा कूड़े का ढेर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता में श्रमदान की अपील को मुंह चिढ़ाता देखा गया। उधर आवास विकास, कवि नगर, गौतम नगर, आर्य नगर, वैशाली कॉलोनी, लक्ष्मीपुर पट्टी, काजीबाग, टांडा उज्जैन, हरगनिया कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी आदि मोहल्ले में भी स्थानीय लोगों की शिकायत रही की साफ सफाई नियमित न होने के कारण संक्रामक बीमारियां लगातार बढ़ रही है। क्षेत्र वासियों ने यह भी आरोप लगाया कि डेंगू का खतरा बरकरार होने के बावजूद समय पर दावों का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। इसके अलावा नाले नालियों की नियमित तली झाड़ सफाई न होने के कारण गंदा पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप भी काफी बढ़ गया है।

### प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग जारी

काशीपुर। स्वच्छता में श्रमदान के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने को लेकर भी जागरूकता की बात कही गई लेकिन नगर निगम के गेट पर दुग्ध कारोबारी खुलेआम रविवार को भी प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करता नजर आया। बताते हैं कि उक्त दुग्ध कारोबारी एक दिन में 5 किलो से भी अधिक प्रतिबंधित पॉलीथिन का खुलेआम इस्तेमाल कर रहा है। निगम प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाही न करने की वजह से शहर के अन्य और दर्जनों दूध की डेरियों पर जमकर प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग किया जा रहा है जो भविष्य में बड़े खतरे की घंटी का संकेत है।





## पीएसएसी सेंटर में ब्लड कैम्प शिविर आयोजित

महेशपुर/गदरपुर(उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम महेशपुर (मोहनपुर) स्थित पीएससी सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।रक्तदान शिविर का शुभारम्भ जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय ब्लड बैंक के सीनियर टेक्नीशियन जितेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार,अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।शिविर के दौरान आयुष्मान भव मेल के अंतर्गत ब्लड कैंप, आयुष्मान कार्ड, ई रक्त कोष, अंगदान के लिए भी लोगों को प्रेरित किया गया एवं स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।शिविर के दौरान 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। डॉक्टर बलवीर सिंह डॉ शालिनी सिंह,स्वास्थ्य निरक्षिका शशिकला, सुनीता सिंह, एएनएम मीना मंडल, फार्मासिस्ट हरिप्रसाद, स्टाफ नर्स प्रियंका मेहता मनीष, अर्जुन, दीपक लैब टेक्नीशियन, स्वीक्षक राजपाल, आशा कार्यकर्ती आशा कार्यकर्ती सरस्वती, दिव्या विश्वास, परमजीत, सपना भद्र, कृष्णावती, बिमला, गौरी, दिव्या भारती, सुमन,ममता सहित आदि लोग मौजूद रहे।।



## केशव सूर्यमुखी कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। केशव सूर्यमुखी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, महाविद्यालय में माँ शक्तिपीठ ट्रस्ट समिति के तत्वाधान से परम पूज्यनीय श्री ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह (पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) के जन्मदिवस की स्मृति में आज रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसके आयोजक माँ शक्तिपीठ ट्रस्ट समिति एवं दि मेडिसिटी हॉस्पिटल, रूद्रपुर रहा । रक्तदान शिविर में लोगो ने उत्साहपूर्ण रूप से भाग लिया एवं रक्तदान किया । इस अवसर पर माँ शक्तिपीठ ट्रस्ट समिति की अध्यक्षया मंजूलता सिंह, सचिव शिव वर्धन सिंह, उपसचिव जयवर्धन सिंह, शक्तिवर्धन सिंह, सदस्य डॉ० शाम्भवी सिंह, शिवांगी सिंह, आकांशा सिंह एवं महाविद्यालय प्रबन्धक निधि सिंह प्राचार्य / विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार दास, महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण, छात्र - छात्राऐं, महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रक्तदान दाता उपस्थित रहें।




## गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती पर हार्दिक बधाइयां



2 अक्टूबर का या पवन पल आया है।
छिपा इसमें भारत का अमूल इतिहास है।
इसी दिन जन्मे गांधीजी।
सत्य अहिंसा की जिसने सिख सिखाई।
मानवता का जिसने पाठ पढ़ाया।
प्रेम की गंगा से सबको नहलाया।
इसी दिन लाल बहादुर शास्त्री भी दुनिया में आए।
जिन्होंने ईमानदारी और सच्चाई सिखलाई।
बापू ने चलाया देश में भारत छोड़ो अभियान।
शास्त्री जी ने दिया देश को नारा जय जवान !जय किसान!
दोनों वीर सपूतों ने भारत भूमि को धन्य धन्य किया।
पुलकित कर दिया इस पावन धरा को।
दोनों का ही जीवन प्रतीक है।
सादा जीवन उच्च विचार का
दोनों ने ही संदेश दिया मानवता के उपकार का।
आओ मिलकर गांधी जी और शास्त्री जी के
चरणों में शीश झुकाते हैं।
बारंबार नमन करते बारंबार नमन करते।

-शालिनी शर्मा,रूद्रपुर

## वृद्धजनों का सम्मान करें

### अर्न्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विशेष

वैसे तो वरिष्ठजनो का सम्मान हर दिन-हर पल हमारे मन में होना चाहिए, लेकिन उनके प्रति मन छिपे हुए इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए कोई बुजुर्गो के प्रति चिन्तन की आवश्यकता है। इसके लिए औपचारिकता तौर पर भी एक दिन निश्चित किया गया है। इसलिए प्रतिवर्ष 01 अक्टूबर का दिन अर्न्तराष्ट्रीय



वृद्धजन के रूप मे मनाया जाता है। इसलिए हमारा परम कर्तव्य है कि हम सभी को अपने से बड़ो और वरिष्ठजनो का सम्मान करना चाहिए और उनसे शिक्षा लेनी चाहिए व पूर्ण रूप से उनकी देख-रेख करनी चाहिए। वरिष्ठजन हमारे घर की नींव होते है। वृद्धजनो का आर्शिवाद बहुत भाग्यवालो को ही मिलता है। उनकी बातों का कभी बुरा नही मानना चाहिए। हमें अपने वृद्धजनो के साथ बैठकर उनके विचार सुनकर उनसे सहमति बना कर हम उनको खुश कर सकते है। उनकी बातों को मानकर उनसे घुलमिलकर रहे, तो वृद्धजन भी अपने आप को अकेला महसूस नही करेगे। सच्चे मन से वृद्धजनों की सेवा ही सच्ची पूजा व भक्ति है। यदि समाज मे वृद्धजन खुशाल होगें, तो हमारा जीवन सफल हो सकता है व हमारा देश, हमारा समाज सदैव उन्नति की ओर अग्रसर होगा।

प्रस्तुति-नरेश कुमार सेठ,रूद्रपुर

## पुण्य तिथि पर स्व. रमाशंकर तिवारी को दी श्रद्धांजलि

पन्तनगर(उद संवाददाता)।स्व0 रमांशंकर तिवारी की तृतीय पूण्यतिथि पर हल्दी उत्तरखण्ड बीज एवं तराई बीज निगम वेतन भोगी सहकारी समिति, हल्दी पर तराई संगठन के अध्यक्ष कमल श्रीवास्तव द्वारा स्व0 तिवारी की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुऐ सभी उपस्थित समिति के निदेशकगणो एवं सदस्यो तथा टीडीसी के अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष, कमल श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, पी0के0 सिंह, उपेन्द्र सिंह, मुकुल सिंह, अंगद सिंह, धमेन्द्र मिश्रा, मोहित सक्सेना, जितेन्द्र यादव, गंगादेवी, शैलेश यादव, राम बाबु, कमलेश्वर शर्मा आदि उपस्थित थे।



# एबीवीपी ने किया कीटनाशक का छिड़काव

हल्दूचौड़(उद संवाददाता)।क्षेत्र में पिछले कुछ हफ्तों से मच्छरों से होने वाले रोगों बढ़ती संख्या को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय की इकाई ने छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी कार्तिक चंद्र रजवार के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव महाविद्यालय में किया। कार्तिक चंद्र रजवार ने कहा कि क्षेत्र में मच्छरों से बढ़ रहे डेंगू मलेरिया व चिकनगुनिया आदि रोगों से महाविद्यालय का छात्र भयभीत



है जिस कारण छात्र की पढ़ाई बाधित हो रही थी जिस कारण एबीवीपी की एलबीएस इकाई ने प्राचार्य को इस संबंध में ज्ञापन भी सौप व स्वयं महाविद्यालय परिसर में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया है ताकि डेंगू के मच्छर और अधिक भयंकर रूप ना ले लें। इस अवसर पर कॉलेज अध्यक्ष एबीवीपी शुभम कोठारी ,छात्र संघ उपाध्यक्ष भगत सिंह ,छात्रा उपाध्यक्ष पल्लवी बोरा,नेहा बोरा, कमल शर्मा, नीरज पांडे, गौरव सिंह दानू,गोविंद यादव आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# स्वयं सहायता समूह ने ग्राम धर्मपुर में चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम धर्मपुर में एकता स्वयं सहायता समूह, खुशी समूह, गणेश समूह, महक समूह, ज्योति स्वयं सहायता समूह और सभी ग्राम संगठन की महिलाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। विकास अधिकारी तथा ग्राम प्रधान सर्वजीत कौर और ग्राम की महिला सपना द्वारा सभी महिलाओं को एकत्र करके ग्रामीण सड़क, मंदिर, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र में अभियान



चलाया गया। सभी समूह की महिलाओं ने अपना पूरा सहयोग किया। इसके बाद गांव की आशा कार्यकत्री ने महिलाओं को स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में संदीप, राजविंदर, जसप्रीत, शांति, मुन्नी, रानी, नीता, आशा, उषा, ज्ञानवती देवी, रूबी, नेकासिया, नीलम व पूनम आदि ने सहयोग किया।

# एक लाख से अधिक स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन को सफल बनाने के लिए एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने दो तस्करों को एक लाख से अधिक कीमत की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। एसओजी एएनटीएफ की संयुक्त टीम व कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस ने लोधिया बैरियर से क्वारब की तरफ चेकिंग के दौरान स्कूटी संख्या यू0के01ए0 -8001 में सवार पीयूष नयाल पुत्र महिपाल सिंह, निवासी न्यू इन्द्रा कालोनी खत्याड़ी, अल्मोड़ा, भूपेन्द्र सिंह पुत्र



राजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम पाखुड़ा, हवालबाग, हाल निवासी नियर बेस अस्पताल अल्मोड़ा के कब्जे से कुल 14.29 ग्राम स्मैक बरामद करते हुए अभियुक्तगण को गिरफ्तार व स्मैक तस्करी में प्रयुक्त वाहन स्कूटी को सीज करते हुए 'कोतवाली अल्मोड़ा मेंएन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत एफआईआर' पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की है। पूछताछ में अभियुक्तगणों द्वारा उक्त स्मैक हल्द्वानी से एक व्यक्ति से खरीद कर लाना बताया गया है जिसे वह ऊँचे दामों में पहाड़ी क्षेत्रों में बेचकर लाभ कमाने के उद्देश्य से ला रहे थे। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सौरभ कुमार भारती, उपनिरीक्षक दिनेश सिंह परिहार, कांस्टेबल राकेश भट्ट, राजेश भट्ट,मो.यामीन आदि शामिल थे।

# दुर्घटना संभावित स्थलों का जल्द करें सुधार: डीएम

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। सर्वप्रथम



जिलाधिकारी ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में किए गए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देश दिए कि जिस स्थल पर दुर्घटना होती है, तो पुलिस विभाग, परिवहन विभाग संबंधित सड़क के अधिकारी तथा संबंधित उपजिलाधिकारी अनिवार्य रूप से दुर्घटना स्थल का संयुक्त निरीक्षण करें तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाने एवं दुर्घटनों को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चयनित दुर्घटना संभावित स्थलों में अवशेष सुधार कार्य जल्द पूर्ण किए जाएं। जिलाधिकारी ने अतिक्रमण किए गए स्थलों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश संबंधितों को दिए तथा अतिक्रमण के लिए की जा रही कार्यवाहियों की भी डिटेल तैयार करने के निर्देश दिए । नालों एवं कल्वर्ट से भी अतिक्रमण हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए ।उन्होंने पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि ट्रैफिक में नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई बढ़ाई जाए। रात्रि चेकिंग, स्कूली वाहनों की चेकिंग जैसे आवश्यक दिशा निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस दौरान उन्होंने सड़कों के विभिन्न प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों में जहां भी डामरीकरण के कार्य किए जाने हैं उन्हें जल्द पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता के साथ समझौता न किया जाए। कहा कि जिस सड़क की गुणवत्ता में शिकायत पाई जाती है, तो ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।बैठक में सदस्य सचिव अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी डीएस ह्यांकी, आरटीओ गुरदेव सिंह, परियोजना निदेशक पुष्पेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय संगठन मंत्री का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शनिवार को राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत दिनकर जी सबरनीस का रुद्रपुर में क्षेत्रीय संगठन मंत्री लाखन सिंह कल्याण सिंह, जिला अध्यक्ष (कार्य)किशन शर्मा,जिला संगठन मंत्री डॉ हेमंत



सिंह चौहान, स्वर्ण जयंती समारोह समिति प्रांतीय सदस्य राकेश मुंजाल के द्वारा स्वागत किया गया। रुद्रपुर पहुँचने पर श्री दिनकर ने कर्यकर्ताओं को ग्राहक आंदोलन को गति प्रदान करने तथा संगठन के पचास वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती समारोह को जिला स्तर पर मनाये जाने के संदर्भ मे दिशा निर्देश दिये।

# नगर पालिका एव एसएसबी ने चलाया स्वच्छता अभियान

सितारगंज(उद संवाददाता)। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका एव एसएसबी कैम्प के लोगो ने स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संपूर्ण क्षेत्र प्रत्येक वार्ड में सफाई अभियान चलाया गया तथा शस्त्र सीमा बल एवं प्राइमरी पाठशाला कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय द्वारा नगर में रैली निकाली गई। रामलीला ग्राउंड इंटर कॉलेज में सभी ने सफाई अभियान में श्रमदान किया। महात्मा गांधी की 154वीं जयंती से पहले आज देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी लोगों से सुबह 10 बजे से एक घंटे के लिए लोगों से स्वच्छता के लिए श्रमदान की अपील की है। पीएम मोदी ने इस श्रमदान के लिए एक तारीख, एक घंटा, एक साथ का नारा दिया है। उन्होंने कहा स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और इसका हर प्रयास मायने रखता है। आज के अभियान के लिए देशभर में 6.4 लाख जगहों को चुना गया है। स्वच्छता कार्यक्रम इस दौरान स्वस्थ सीमा बल के अधिकारी, जवान तथा पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे अधिशासी अधिकारी प्रियंका सिंह पालिका की स्वच्छता ब्रांड अबेसडर। श्रीमती सुमन राय, अनिरुद्ध राय, राजस्व निरीक्षक राजेश अरोरा, सफाई निरीक्षक सोवेद्र कुमार, सफाई नायक राजपाल, सफाई नायक विनय कुमार, सभासद रहमत हुसैन, जिलानी अंसारी, दीपक गुप्ता, पालिका कर्मी एवं पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।



## पेज एक का शेष...

**चाचा ने भतीजे को ...**जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मामले की जानकारी मिलते ही कोतवाल विक्रम राठौर व एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर आ पहुंचे। उन्होंने परिजनों से घटना की विस्तार से जानकारी ली। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हांलाकि परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है परंतु पुलिस आरोपी फरार चाचा की तलाश शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मृतक की पांच बहनें हैं और दो भाईयों में छोटा था।

**स्वच्छता अभियान को लेकर ...**कि स्वच्छता किसी व्यक्ति विशेष का काम नहीं है, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी भी होनी चाहिये। उन्होने कहा कि हम सब के स्वस्थ्य जीवन के लिए स्वच्छता अभियान में सहभागी बनना चाहिए। उन्होने कहा कि हमें खुद को अपने घर के आस-पास, सार्वजनिक स्थलो, कार्यालयों, गली, मोहल्लों और शहर को रोज स्वच्छ रखने की जरूरत है, जिससे अनेकों प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि स्वच्छता हम सभी के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ नगर निगम की जिम्मेवारी नहीं बल्कि सभी का फर्ज है कि अपने शहर को साफ सुथरा रखें। उन्होंने कहा कि लोग जिस तरह अपने घर और कार्यालय को साफ सुथरा रखते हैं उसकी तरह पूरे शहर को साफ रखने की सोच सभी के मन में होगी तो पूरा शहर चमकता हुआ नजर आयेगा। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि नगर निगम अपने स्तर से शहर को स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है लेकिन जब हर व्यक्ति स्वच्छता को लेकर जागरूक होगा तभी शहर स्वच्छ और सुंदर हो पायेगा। मेयर ने कहा कि घर घर कूड़ा उठाने की व्यवस्था के बाजजूद लोग सार्वजनिक स्थलों और नाले नालियों में कूड़ा डाल रहे हैं यह दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता का विषय है। लोगों की यही मानसिकता रही तो स्वच्छ भारत मिशन कभी साकार नहीं हो पायेगा। नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का मुख्य मकसद लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करना है। उन्होने बताया कि विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम के तहत सभी वार्डों में एक घंटे का स्वच्छता अभियान चलाया गया है। इससे लोगों में जागरूकता आयेगी। अभियान में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्व सैनिक संगठनों, एनसीसी कैडेटस, एनडीआरएफ, विभिन्न स्वंय सेवी संगठन, विभिन्न विद्यालय/कॉलेजो के छात्र/छात्राओं एवं अन्य नागरिकों ने श्रमदान कर स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया गया।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, दीपक गोस्वामी, कुलदीप कुमार,राम प्रकाश गुप्ता, संजय ठुकराल, धीरेंद्र मिश्रा, मोहन तिवारी, उपेंद्र चौधरी, गजेंद्र प्रजापति, सोनू अनेजा, धर्म सिंह कोली, धीरेश गुप्ता, राजेश शर्मा, राजेश जग्गा, प्रमोद शर्मा, भवन गुप्ता, विनय विश्वास, निमित्त शर्मा, विधान राय, अनीता बरेठा, मोहन खेड़ा, रमेश कालरा,राजेश कुमार,मोहम्मद अशफाक, प्रीति साना, पिंटू पाल, बिट्टू चौहान किरण पाल सुनील ठुकराल मिक्की, डीके गंगवार, मुकेश पाल, कृष्ण पाल गंगवार, अमित कपूर आदि मौजूद थे।

**आर्म्स एक्ट के फश्रार...**जमानत के बाद अभियुक्त कोर्ट में पेश नहीं हो रहे थे। इस पर कोर्ट से उनके विरूद्ध एनबीडब्ल्यू के बाद कुर्की की कार्रवाई के आदेश जारी हुए। जिस पर अमल करते हुए पुलिस ने वार्ड नंबर 3 आर्य समाज नगर कप्तानगंज के घर की कुर्की की कार्रवाई। कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि एसआई अशोक कुमार , कांस्टेबल हरीश सनवाल आदि पुलिस कर्मी जिला कुशीनगर थाना कप्तानगंज गांव गजरा पहुंचे। उन्होंने थाना कप्तानगंज पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद कुर्की की कार्रवाई पूरी की गई।

**ससुर ने पुत्रवधू का ..**24 सितंबर को ससुर ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लोहे की हथौड़ी से पुत्रवधू पर प्रहार किया इसके बाद भी जब उसका पेट नहीं भरा तो उसने धारदार हथियार से पुत्रवधू का एक कान काटकर अलग कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ससुर के खिलाफ धारा 323 504 506 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**बस और बोलेरो की ...**भिड़ंत हो गयी। बताया गया है कि हादसे के वक्त बोलेरो में कुल 9 लोग सवार थे। हादसे के बाद लोगों ने 108 एंबुलेंस से अस्पताल घायलों को अस्पताल भेजा। राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश में 5 घायलों को ले जाया गया था, जिनमे से एक घायल को मृत घोषित कर दिया गया जबकि अन्य 4 घायलों को एम्स रैफर किया गया है।

**ढाबे में चली ...** कि आरोपियों ने जान से मारने कि नियत से फायर किये है। जिसमे वह बाल-बाल बचे हैं। सितारगंज पुलिस ने एक नामजद समेत अन्य आरोपियों पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# छह निराश्रित पशुओं को पहुंचाया गौसदन

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। अधिकारी नगरपालिका परिषद अल्मोड़ा भरत त्रिपाठी ने बताया कि नगरपालिका परिषद् द्वारा जिला पंचायत, पशुपालन एवं पुलिस विभाग के सहयोग से नगर क्षेत्र में विचरण कर रहे 6आवारा निराश्रित गोवंश को गो सेवा न्यास गुरूकुल शोले कटारमल, ज्योली, अल्मोड़ा के गौ सदन पहुँचाया गया ।उन्होंने बताया कि पालिका द्वारा जनहित में नगर से आवारा गोवंश को हटाने की कार्यवाही लगातार गतिमान है। इस वर्ष अब तक 36 गोवंश पशुओं को गोसदन भेज जा चुका है । उन्होंने बताया कि जिन पशु स्वामियों द्वारा अपने पशु नगर में आवारा छोड़े जा रहे है, उनके विरूद्व कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। उन्होंने सभी गोवंश स्वामियों से अपील की है कि वे अपने गोवंश को नगर में कदापि न छोडे, पकड़े जाने पर चालान की कार्यवाही की जायेगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शौर्य जागरण यात्रा का रुद्रपुर में होगा जोरदार स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पूरे प्रदेश में बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली जा रही शौर्य जागरण यात्रा रुद्रपुर में 2 अक्टूबर को पहुंचेगी। जिसके स्वागत की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधायक शिव अरोरा ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सदैव हिंदुत्व के लिये समर्पित व हमारी संस्कृति को मजबूत करने के लिये कार्य करता रहता है और इसके निमित बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद द्वारा पूरे उत्तराखंड में भ्रमण करते हुए यह यात्रा खटीमा, नानकमत्ता, सितारगंज होते हुए 1 अक्टूबर को किच्छा में रात्रि विश्राम करेगी । रुद्रपुर में 2 अक्टूबर को रामलीला मैदान भूतबंगला में यात्रा के पहुंचने पर जोरदार स्वागत व सभा का आयोजन होगा। उसके बाद यात्रा गदपुर के लिये प्रस्थान करेगी। विधायक अरोरा ने सभी से अपील की कार्यक्रम भव्य दिव्य हो इसको लेकर अधिक से अधिक संख्या में इस शौर्य यात्रा में पहुँचकर भव्य क्षण के साक्षी बनें। निश्चित रूप से अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मन्दिर अब अपना आकार ले रहा है और इसके साक्षी पूरा देश बनने जा रहा है, इसके निमित पूरे प्रदेश में शौर्य जागरण यात्रा जो हमारे हिन्दू समाज मे जनजागरण का कार्य करेगी जिससे हमारे समाज हमारी सनातन संस्कृति के प्रति जगरूक हो सके जिससे देवभूमि की संस्कृति को संरक्षित व हमारी युवा पीढ़ी जगरूकता लायी जा सके। विधायक ने कहा निश्चित रूप से शौर्य जागरण यात्रा भव्य होगी जिसमें बढ़ चढ़ के लोग शामिल होंगे। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मेहरा, भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, विनय बत्रा, धीरेन्द्र मिश्रा, मोहन तिवारी, राजेश तिवारी, शालनी बोरा, मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, गजेंद्र प्रजापति, मयंक कक्कड़, सोनू अनेजा, राजेश जग्गा, अनिता बरेठा, जितेंद्र संधू, ममता त्रिपाठी, विकास सागर, गिरीश राठौर, मनमोहन सिंह, सुनील यादव, मन्दीप वर्मा, डंम्पी चोपड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# आग का गोला बनी पर्यटकों की कार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दिल्ली से नैनीताल आ रहे पर्यटकों की कार में नैना गांव के पास आग लग गई। जिससे कार कुछ ही देर में आग के गोले में तब्दील हो गई। स्थानीय लोगों ने कार में आग लगने की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी लेकिन जब तक दमकल की टीम मौके पर पहुंचती उससे पहले कार जलकर खाक हो चुकी थी। कारसवार दोनों लोग वाहन से पहले ही उतरने के कारण बाल–बाल बच गए। जानकारी देते हुए पर्यटक लवप्रीत ने बताया वह हल्द्वानी की तरफ से नैनीताल जा रहे थे इसी दौरान उनकी कार में आग लग गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कार संख्या डी एल 6 सीएम 6944 में आग लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची। दमकल टीम ने आग पर काबू पाया जब तक दमकल टीम आग पर काबू पाती तब तक कर पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी।



# 31 पीएसी के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ

## स्टालों में खूब हुई खरीददारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 31वीं वाहिनी पीएसी का 53वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर वाहिनी परिसर में 30 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गत सायं श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक 31 पीएसी द्वारा मेले का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने मेला परिसर का भ्रमण कर वहाँ पर लगी स्टॉलों में लगे सामानों को देखा, खरीददारी की एवं खाद्य पदार्थो व खेलों का आनन्द लिया। मेले के शुभारम्भ के समय वाहिनी बैण्ड द्वारा अपनी मधुर धुन से मेले में आये सभी लोगों को मन्त्रमुग्ध किया गया। जिसके बाद बच्चों एवं वाहिनी के कर्मचारियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मेले में विभिन्न प्रकार के बच्चों के मनोरंजक झूले, खिलौनों, फिरोजाबाद की चूड़ियां, लखनवी चिकनकारी सूट, चंदेरी की साड़ी, सूट, जयपुरी चादर, रजाई, महिला साज सज्जा सामग्री, पहाड़ी दालें, लकडी के उपयोगी सामान , खुर्जा की क्राकरी , सहारनपुर हैण्डलूम, मुरादाबाद की पीतल, भदोई की कार्पेट, पिलखवा की चादरें, विभिन्न खेलों, स्पोर्ट्स का सामना, खाद्य सामग्री, मथुरा के पेडे, आगरे का पेठा, स्वादिष्ठ पकवान, वस्त्रों आदि के स्टाल लगाये गये। मेले का मुख्य आकर्षण लक्की ड्रा है जिस पर प्रथम पुरस्कार स्कूटी, द्वितीय एलईडी टीवी, तृतीय फ्रिज, चतुर्थ वाशिंग मशीन, पंचम सष्टम टैबलेट, सप्तम मोबाईल फोन, अष्ठम गीजर, नवमं मिक्सर जूसर (ग्राईण्डर) एवं अन्य सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर डॉ. उत्तम सिंह नेगी उप सेनानायक, शिविरपाल मनीष शर्मा, दलनायक गोपाल सिंह बिष्ट, जहीर अहमद, राजेन्द्र सिंह नेगी, शुक्र लाल, हीरा सिंह जलाल, श्रीमती राधा थापा, सूबेदार सैन्य सहायक खुर्शीद अली, पीसी सुन्दर सिंह, गिरीश चंद्र जोशी, उमेश सोनकर,मनमोहन सिंह एवं वाहिनी के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।







